कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

☎दूरभाष नं. 07781–252755, Email Add –narayanpurcollege@gmail.com

नारायणपुर, दिनांक 05/08/2024

//दीक्षारंभ कार्यक्रम- 2024//

प्रतिवेदन

आज दिनांक 05/08/2024 को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में शासन के निर्देशानुसार दीक्षारंभ कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम नव प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों का डॉ. दिनेश कुमार कठुतिया, श्री प्रदीप कुमार सलाम एवं श्री हंसराज भासगौरी द्वारा पंजीयन किया गया। अतिथियों के आगमन पर उनके द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसी समय महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वन्दना का गायन किया गया। इसके बाद अतिथियों एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा राज्य गीत का ससम्मान गायन किया गया।

गायन के बाद अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति माननीय श्री रूपसाय सलाम जी का स्वागत संस्था के प्राचार्य डॉ.सखा राम कुंजाम जी के द्वारा किया गया। डॉ.सखा राम कुंजाम जी का स्वागत, श्री राजेन्द्र कुमार यादव जी के द्वारा किया गया, श्री नरेन्द्र मेश्राम जी का स्वागत श्री भगवान दास चांडक जी ने किया। श्री जैकी कश्यप जी का स्वागत डॉ. सुमित कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया, श्री सूर्यपाल दुबे का स्वागत एन.ई.पी. एम्बेस्डर कु. संध्या मंडावी द्वारा किया गया। श्री इशान जैन का स्वागत एन.ई.पी. एम्बेस्डर कु. मानिका राना ने किया। श्री उज्ज्वल सोनी का स्वागत छात्र रामसिंह नुरेटी और श्री ललित नाग का स्वागत छात्र मनीष कोर्राम ने किया।

शासन द्वारा आदेशानुसार महाविद्यालय द्वारा चयनित सभी विभागों के एन.ई.पी. एम्बेसडर छात्र–छात्राओं– 1.संध्या मंडावी 2. जितेन्द्र कुमार दर्रो 3. मोनिका राना 4. नमन देवांगन 5. चुम्मन लटिया 6. युवराज 7. दीपक कुमेटी 8. चंदन धर 9. सूरज पोटाई 10. लक्ष्मी उसेन्डी का अतिथियों द्वारा तिलक लगा कर स्वागत किया गया।
एम्बेस्डर विद्यार्थियों के स्वागत के पश्चात संस्था प्रमुख डॉ. एस.आर. कुजाम के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। डॉ. एस.आर. कुजाम जी द्वारा महाविद्यालय की विशेषताओं और आवश्यकताओं से अतिथियों को अवगत कराया गया। एन.ई.पी. एम्बेस्डर कु. संध्या मंडावी और एम्बेस्डर चंदन धर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में अतिथियों को जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि श्री नरेन्द्र मेश्राम ने अपने उद्बोधन मे कहा की नई शिक्षा नीति नए भारत के निमार्ण और विकास में सहायक होगी। हमें शिक्षा प्राप्त करके अबूझमाड़ को बूझना है। समाज को प्रबल बनाने के लिए हमे शिक्षा लेनी है। विशिष्ट अथिति श्री जैकी कश्यप ने कहा की आपको अपने जीवन में एक लक्ष्य लेकर चलाना है। पहले नारायणपुर को लाल सलाम के कारण जाना जाता था परन्तु अब ईरकभट्टी जैसे अत्यधिक पिछड़े क्षेत्र के श्री लक्ष्मण पोटाई जैसे युवा संघर्ष करके डी.एस.पी. बन रहे हैं। जो छात्रों के लिए प्रेणास्त्रोत हैं। मुख्य अतिथि श्री रूपसाय सलाम जी ने कहा की आप सभी अ़च्छे से पढ़ाई करके ज्ञान प्राप्त करें जिससे आप जीवन मे सफल हो सके इसके साथ ही उन्होने महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के समापन पर श्री राजेन्द्र कुमार यादव जी ने समस्त अतिथियों ,विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन महाविद्यालय के लाईब्रेरियन श्री संजय कुमार पटेल जी द्वारा किया गया।

आभार व्यक्त के बाद सभी अथितियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रगान का ससम्मान गायन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र से पहले भारत सरकार की योजना ''एक पेड़ मॉ के नाम'' के अर्न्तगत अतिथियों और एन.ई.पी. एम्बेस्डर द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में संस्था प्राचार्य एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सखा राम कुंजाम जी के द्वारा छात्रों को भूगोल विभाग की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात महाविद्यालय में संचालित समस्त संकायों की उनके विभागाध्यक्षों एवं सहयोगियों द्वारा अपना परिचय देते हुऐ विभाग एवं विषय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जिला स्तरीय प्रशिक्षक डॉ.सुमित कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा विद्यार्थियों को एन.ई.पी. 2020 के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही उन्होने छात्रों की समस्त शंकाओं का निराकरण भी किया। दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय के नवप्रवेशित समस्त विद्यार्थी और महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

(डॉ.एस.आर.कुंजाम)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)